भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *18

जिसका उत्तर 5 दिसम्बर, 2023/14 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिया गया

ऋण डिफाल्टरों के खिलाफ कदम

*18. श्री नीरज डांगीः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बीते दो वर्षों के दौरान सरकार द्वारा दिया गया ऋण नहीं चुकाने वाले लोगों (डिफाल्टरों) की संख्या का बैंक-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान इन डिफाल्टरों पर कितनी राशि का ऋण बकाया है;

(ग) भारतीय रिजर्व बैंक के तमाम प्रयासों के बावजूद ऐसे लोगों की संख्या में कमी नहीं आने के क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार ऋण नहीं चुकाने की स्थिति में उनकी गारंटी लेने वाले लोगों के विरूद्ध भी कोई कार्रवाई करने पर विचार कर रही है?

उत्तर

वित्त मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारामन)

(क) से (घ): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

"ऋण डिफाल्टरों के खिलाफ कदम" के संबंध में श्री नीरज डांगी द्वारा पूछे गए 5 दिसम्बर, 2023 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *18 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ): विगत दो वित्तीय वर्ष के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की अनर्जक आस्तियों (एनपीए) का बैंक-वार ब्यौरा, अर्थात् खातों की संख्या और बकाया राशि, अनुबंध में दिया गया है।

पिछले दो वित्तीय वर्ष के दौरान, एससीबी में एनपीए खाते 2.19 करोड़ से घटकर 2.06 करोड़ हो गए हैं, जो 6.2% की गिरावट दर्शाता है। इसी प्रकार, इसी अवधि के दौरान ऐसे खातों की बकाया राशि, अर्थात् एससीबी में सकल एनपीए 7.41 लाख करोड़ रुपए से घटकर 5.72 लाख करोड़ रुपए हो गई, जो 22.9% की गिरावट दर्शाता है। इसके अलावा, एससीबी का चूक अनुपात (वित्तीय वर्ष के आरंभ में मानक ऋणों और अग्रिमों की प्रतिशतता के रूप में वित्तीय वर्ष के दौरान नए एनपीए) जो वित्तीय वर्ष 2021-22 में 2.74% (2.86 लाख करोड़ रुपए की नई चूक) था, वित्तीय वर्ष 2022-23 में घटकर 1.78% (2.13 लाख करोड़ रुपए की नई चूक) हो गया है।

ऋणों का पुनर्भुगतान न किए जाने के मामले में मौजूदा विधिक प्रावधानों जैसे सरफेसी अधिनियम, 2002, दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 आदि के अंतर्गत गारंटीदाताओं के विरुद्ध कार्रवाई आरंभ की जा सकती है।

*****

अनुबंध

ऋण चूककर्ताओं के विरुद्ध उठाए गए कदमों के संबंध में राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *18

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में अनर्जक आस्तियों का ब्यौरा

(राशि करोड़ रुपए में)

बैंक का नाम	दिनांक 31.3.2022 की स्थिति के अनुसार		दिनांक 31.3.2023 की स्थिति के अनुसार	
	खातों की संख्या	बकाया राशि	खातों की संख्या	बकाया राशि
अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्पोरेशन	1,07,042	227	2,12,483	288
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	48,621	924	54,400	981
ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड बैंकिंग ग्रुप लिमिटेड	2	25	0	0
एक्सिस बैंक लिमिटेड	5,77,952	18,566	6,00,599	17,019
बंधन बैंक लिमिटेड	8,36,263	6,380	5,80,565	5,299
बैंक ऑफ बहरीन और कुवैत बी.एस.सी.	49	17	52	18
बैंक ऑफ बड़ौदा	6,83,257	54,059	7,15,199	36,764
बैंक ऑफ सीलोन	5	54	5	49
बैंक ऑफ इंडिया	14,11,132	45,605	14,96,934	37,686
बैंक ऑफ महाराष्ट्र	4,06,538	5,327	4,43,985	4,334
बैंक ऑफ नोवा स्कोटिया	4	64	2	0.36
बार्कलेज बैंक पीएलसी	3	111	2	32
बीएनपी परिबास	1	6	0	0
केनरा बैंक	9,71,127	55,652	9,73,554	46,160
कैपिटल स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	838	117	1,178	153
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	8,72,983	28,156	9,08,524	18,386
सिटीबैंक एन.ए.	28,239	759	32,742	207
सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड	12,306	1,933	12,481	1,920
कॉपरेटिव राबोबैंक यू.ए.	3	150	3	104
क्रेडिट एग्रीकोल कॉर्पोरेट एंड इंवेस्टमेंट बैंक	1	3	1	3
सीएसबी बैंक लिमिटेड	45,849	290	48,303	263
सीटीबीसी बैंक कंपनी लिमिटेड	1	1	1	1
डीबीएस बैंक इंडिया लिमिटेड	5,105	4,534	4,334	2,772
डीसीबी बैंक लिमिटेड	1,61,535	1,290	1,33,358	1,123
डॉयचे बैंक एजी	1,595	2,732	1,364	1,748
दोहा बैंक क्यू.पी.एस.सी	2	26	0	0
इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	2,12,233	837	1,55,937	724
ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	4,61,132	950	1,08,422	352
फेडरल बैंक लिमिटेड	61,791	4,137	71,090	4,184
फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	6,00,742	573	1,88,988	288
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड	13,01,624	16,101	14,36,879	18,012
हांगकांग और शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड	6,514	644	4,037	524
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड	3,67,823	33,295	3,76,064	29,986

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड	1,67,780	34,115	1,78,115	10,969
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड	6,35,670	4,469	7,37,746	3,884
इंडियन बैंक	9,50,114	35,214	8,63,481	28,180
इंडियन ओवरसीज बैंक	1,91,954	15,299	2,24,266	14,072
इंडसइंड बैंक लिमिटेड	5,28,734	5,517	8,41,589	5,826
जम्मू और कश्मीर बैंक लिमिटेड	42,116	6,521	46,028	5,204
जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	2,44,576	757	2,30,369	709
कर्नाटक बैंक लिमिटेड	19,968	2,251	13,646	2,293
करूर वैश्य बैंक लिमिटेड	21,135	3,431	20,146	1,458
केईबी हाना बैंक	1	40	1	40
कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड	2,69,807	6,470	3,83,011	5,768
मिज़ुहो बैंक लिमिटेड	1	6	1	6
नैनीताल बैंक लिमिटेड	6,271	508	4,876	443
नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	74,103	190	1,22,448	347
पंजाब एंड सिंध बैंक	75,244	8,565	78,048	5,648
पंजाब नैशनल बैंक	21,36,256	92,448	22,64,040	77,328
कतर नेशनल बैंक (क्यू.पी.एस.सी.)	1	53	1	52
आरबीएल बैंक लिमिटेड	6,37,987	27	2,41,985	2,420
सबेरबैंक	2	41	1	22
एसबीएम बैंक (इंडिया) लिमिटेड	854	93	1,388	97
शिनहान बैंक	0	0	30	156
शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	1,616	33	2,134	33
सोसाइटी जनरल	3	79	3	79
सोनाली बैंक	17	4	14	4
साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड	9,887	3,648	9,587	3,708
स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक	23,957	3,886	17,236	3,233
भारतीय स्टेट बैंक	35,93,597	1,12,023	33,74,863	90,928
सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	4,18,868	597	1,58,455	191
तमिलनाड मर्कैंटाइल बैंक लिमिटेड	7,478	571	6,511	521
धनलक्ष्मी बैंक लिमिटेड	2,856	534	2,760	511
यूको बैंक	5,29,635	10,237	5,05,031	7,726
उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	5,64,167	1,284	2,22,910	631
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	11,23,858	79,587	11,98,525	60,987
युनाइटेड ओवरसीज बैंक लिमिटेड	1	75	1	55
यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	0	0	30,427	3,767
उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	3,32,273	648	1,43,101	432
वूरी बैंक	0	0	1	8
यस बैंक लिमिटेड	1,21,002	27,976	74,267	4,395

स्रोत: आरबीआई

*****